# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# जून, 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी जून, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 June, 2026

- **भारत के सात्विक और चिराग ने सिंगापुर ओपन का खिताब जीता–**

31 मई, 2026 को भारत के सात्विक साईराज रेंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की जोड़ी को हराकर अपना पहला सिंगापुर ओपन का खिताब जीत लिया।

- **31 मई, 2026 को दिग्गज पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर (89) का निधन हो गया उनका मराठी भावगीतों, भक्ति गीतों और हिन्दी फिल्म संगीत में विशेष योगदान रहा। उन्हें वर्ष 2023 में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया था।**

- **31 मई, 2026 को जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) का पद संभाला। उन्होंने जनरल अनिल चौहान का स्थान लिया। जनरल सुब्रमणि का उद्देश्य महत्वाकांक्षी 'सैन्य थिएटर' योजना को लागू करना और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को मजबूत करना है।**

- **भारत के ब्रह्मोस मिसाइल और आकाश-1 एस एयर डिफेंस सिस्टम के चार देशों से ₹21000 करोड़ से अधिक के सौदे हुए–**

ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के असरदार इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। इन चार स्वदेशी प्रणालियों को लेकर कई देशों ने खरीद में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं। इसकी कुल अनुमानित मूल्य 21000 करोड़ रुपए से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38424 करोड़ रुपए पहुँच गया, जो पिछले साल से 62% ज्यादा है।

ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3600 करोड़ रुपए की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए अर्मेनिया से 6100 करोड़ रुपए का अनुबंध पहले ही हो चुका है। फिलीपींस और यूएई ने भी खरीद में रुचि दिखाई है। लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र एयरबोर्न वार्निंग सिस्टम को लेकर साइप्रस, इंडोनेशिया और दक्षिण अमेरिका के कुछ देशों ने दिलचस्पी दिखाई है। हाल ही में अर्मेनिया में सालाना परेड में भी भारतीय हथियार दिखे।

**पिनाका बहु-नाल रॉकेट प्रणाली**

- अर्मेनिया को डिलीवरी हो चुकी, वहाँ 'शांत' नाम से सेवा में।
- निर्देशित पिनाका की मारक क्षमता 75 किमी

**लॉयटरिंग म्युनिशन–**नागशास्त्र-1 और स्काईस्ट्राइकर की विदेशों में मांग बढ़ी। साइप्रस ने 2026-31 रक्षा रोडमैप में खरीद रुचि जताई। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और मध्य पूर्व के देशों से पूछताछ। एचएएल और अदाणी डिफेंस उत्पादन बढ़ा रहे हैं।

**100 से ज्यादा देशों को 38424 करोड़ रुपये का निर्यात–**

- भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जिनमें अमेरिका, फ्रांस और अर्मेनिया प्रमुख हैं। अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार है। जहाँ 2.8 अरब डॉलर के प्रणाली व कलपुर्जे बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी बड़ी कंपनियों को जाते हैं। अर्मेनिया जैसे देश पूरे तैयार हथियार खरीद रहे।
- सरकार ने 2029-30 तक 50000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। 2016-17 में यह मात्र 1522 करोड़ रुपए था। यानी एक दशक से कम समय में इसमें 25 गुना से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मिले वैश्विक ध्यान ने इस लक्ष्य को और गति देने के संकेत दिए हैं।

- **IPL के 19वें सीजन 2026 का खितब रॉयल चेलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने जीता; फाइनल में गुजरात टाइटंस (GT) को हराया।**

31 मई, 2026 को अहमदाबाद के मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने एकबार फिर इतिहास रचा सीजन-19 के फाइनल में गुजरात को 5 विकेट से हराकर बेंगलुरु लगातार दूसरी बार चैम्पियन बन गई। आरसीबी ऐसा करने वाली इतिहास की तीसरी टीम बन गई। इससे पहले, चेन्नई (2010, 2011) और मुंबई (2019, 2020) ही लगातार दो

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

साल चैम्पियन बन पाई हैं। आरसीबी ने पिछले साल (3 जून, 2025) इसी मैदान पर पंजाब को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। इस बार की जीत के साथ ये पहली टीम बन गई, जिसने अपने शुरुआती दोनों आईपीएल खिताब एक ही न्यूट्रल/विपक्षी मैदान (अहमदाबाद) पर लगातार दो साल जीते है।

**आईपीएल खिताब जीतने वाली टीमें एक नजर में–**

| टीम | ट्रॉफी जीतने वाला वर्ष |
|---|---|
| ♦ चेन्नई | – 2010, 2011, 2018, 2021, 2023 |
| ♦ मुंबई | – 2013, 2015, 2017, 2019, 2020. |
| ♦ कोलकाता | – 2012, 2014, 2024 |
| ♦ बेंगलुरु | – 2025, 2026 |
| ♦ राजस्थान | – 2008 |
| ♦ डेक्कन चार्जर्स | – 2009 |
| ♦ हैदराबाद | – 2016 |
| ♦ गुजरात | – 2012 |

**आईपीएल 2026 में अवार्ड पाने वाले खिलाड़ी व इनाम राशि**

- ♦ सर्वाधिक डॉट बॉल – सिराज (172 गेंद/10 लाख रुपए)
- ♦ कैच ऑफ द सीजन – मनीष पांडे (10 लाख रुपए)
- ♦ फेयर प्ले अवार्ड – पंजाब किंग्स (ट्रॉफी)
- ♦ सबसे ज्यादा चौके – सुदर्शन (75 चौके/10 लाख रुपए)
- ♦ पर्पल कैप – कागीसो रबाडा (29 विकेट)

**वैभव सूर्यवंशी को 5 अवार्ड मिले–**

- ♦ ओरेंज कैप – 776 रन बनाए
- ♦ इमर्जिंग प्लेयर – ₹10 लाख मिले
- ♦ सुपर स्ट्राइकर – 237.3 (₹10 लाख)
- ♦ मोस्ट वेल्यूएबल प्लेयर – 435.6 प्वाइंट्स (₹15 लाख)
- ♦ मोस्ट सिक्सर – (72 छक्के/₹10 लाख)

## ■ डॉ खलीलुर रहमान : 81वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGC) के अध्यक्ष निर्वाचित–

2 जून, 2026 को डॉ. खलीलुर रहमान 81वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वे 8 सितम्बर, 2026 से अपना एक वर्ष का कार्यकाल शुरू करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) का 81वाँ सत्र संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क (सितम्बर 2026–सितम्बर 2027)में होगा। वे जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एन्नालेना बेयरबॉक (80वें सत्र की अध्यक्ष) का स्थान लेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. खलीलुर रहमान बांग्लादेश के वर्तमान विदेश मंत्री है।

## ■ लोखंडे प्रशांत सीताराम केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) के नए अध्यक्ष बने।

2 जून, 2026 को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) का नया अध्यक्ष तथा वरुण भारद्वाज को नया सचिव नियुक्त किया गया है। उन्होंने इस पद पर राहुल सिंह का स्थान लिया है, जिन्हें कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया।

**Newspaper of 2 June, 2026**

## ■ सुप्रीम कोर्ट में पहली बार 37 जज; राष्ट्रपति ने चार हाईकोर्ट चीफ जस्टिस पदोन्नत किए, एक महिला वकील सीधे जज बनी–

1 जून, 2026 को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश स्वीकार करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शीर्ष अदालत में पांच नए जजों की नियुक्ति कर दी। इनमें सुप्रीम कोर्ट की महिला सीनियर एडवोकेट वी. मोहना शामिल हैं।

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 से 38 किए जाने के बारे में अध्यादेश जारी किए जाने के बाद यह नियुक्तियों हुई हैं।

**जस्टिस शील नागू**

- ♦ चीफ जस्टिस, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट
- ♦ मूल हाईकोर्ट–मध्यप्रदेश
- ♦ कार्यकाल होगा–दिसंबर 2029 तक

**जस्टिस श्री चंद्रशेखर**

- ♦ चीफ जस्टिस, बॉम्बे हाईकोर्ट
- ♦ मूल हाईकोर्ट–झारखंड
- ♦ कार्यकाल होगा–मई 2030 तक

**जस्टिस संजीव सचदेवा**

- ♦ चीफ जस्टिस, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट
- ♦ मूल हाईकोर्ट–दिल्ली
- ♦ कार्यकाल होगा–दिसंबर, 2029 तक

**जस्टिस अरुण पल्ली**

- ♦ चीफ जस्टिस, जेएंडके, लद्दाख हाईकोर्ट
- ♦ मूल हाईकोर्ट–पंजाब एवं हरियाणा
- ♦ कार्यकाल होगा–सितंबर 2029 तक

**वेंकिता सुब्रमणि मोहना**

- ♦ सीनियर एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट
- ♦ मूलतः कोयम्बटूर, तमिलनाडु की निवासी
- ♦ कार्यकाल होगा: जून 2031 तक

## ■ केन्द्र सरकार ने 114 रफाल विमान खरीदने को आरओपी जारी किया–

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

भारतीय वायुसेना की लगातार कम हो रही युद्धक विमानों की स्क्वाड्रन संख्या को बढ़ाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने 114 रफाल युद्धक विमानों की खरीद के लिए लेटर ऑफ रिक्वेस्ट (आरओपी) जारी किया। इस दस्तावेज से अंतर-सरकारी समझौते के तहत बड़े रक्षा सौदों की प्रक्रिया शुरू की जाती है। यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा होगा। जिसकी लागत ₹3.25 लाख करोड़ होगी। 114 में से 94 विमानों का निर्माण भारत में ही होगा बाकी विमान फ्लाइअवे स्थिति में फ्रांस से ही आयेंगे। इनमें 88 सिंगल सीटर व 26 ट्विन सीटर विमान होंगे। भारत के पास पहले से ही 36 रफाल विमान हैं, जबकि आइएनएस विक्रांत के लिए भी 26 रफाल मरीन विमानों की खरीद की जा रही है।

## ■ मई 2026 में जीएसटी कलेक्शन 3.2% बढ़कर ₹1.94 लाख करोड़ रहा–

मई, 2026 में जीएसटी कलेक्शन 3.2% बढ़कर ₹1.94 लाख करोड़ रहा। वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति में सुधार और आयात से टैक्स वसूली में बढ़ोत्तरी के चलते ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन ₹1.88 लाख करोड़ रहा था। अप्रैल, 2026 में यह रेकॉर्ड ₹2.43 लाख करोड़ रहा था।

**वर्ष 2026 का जीएसटी कलेक्शन एक नजर में**

| माह | जीएसटी कलेक्शन (₹लाख करोड़ में) | सलाना वृद्धि |
|---|---|---|
| जनवरी 2026 | 1.93 | 6.2% |
| फरवरी 2026 | 1.83 | 8.1% |
| मार्च 2026 | 2.00 | 8.8% |
| अप्रैल 2026 | 2.43 | 8.7% |
| मई 2026 | 1.94 | 3.2% |

## ■ भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) 1 जून, 2026 से लागू हुआ; दो वर्ष में निर्यात 7 अरब डॉलर बढ़ने की संभावना–

भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) 1 जून से लागू हो गया है। इस समझौते के बाद भारत के 99% से ज्यादा निर्यात को ओमान में बिना किसी आयात शुल्क (ड्यूटी) के प्रवेश मिलेगा। सरकार का मानना है कि इससे भारतीय निर्यात में तेजी आएगी और कई उद्योगों को नए अवसर मिलेंगे। यह यूएई के बाद किसी खाड़ी देश के साथ भारत का दूसरा बड़ा व्यापार समझौता है।

वर्तमान में भारत से ओमान को निर्यात करीब 4 अरब डॉलर का है। शुल्क में छूट मिलने से अगले दो वर्षों में यह बढ़कर 7 अरब डॉलर तक पहुँच सकता है। ओमान खाड़ी क्षेत्र में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

**इन सेक्टर्स को होगा फायदा–** भारत-ओमान फ्री ट्रेड डील का सबसे बड़ा फायदा, इंजीनियरिंग सामान, रत्न एवं आभूषण, रसायन, खाद्य उत्पाद और दवा उद्योग को मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि शुल्क-मुक्त पहुँच मिलने से भारतीय उत्पाद ओमान से अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे व निर्यातकों को नए ऑर्डर मिलने की संभावना बढ़ेगी।

**भारत को निम्न फायदे होंगे–**

- ♦ मशीनरी और मोटर वाहनों पर शुल्क समाप्त होने से भारत से होने वाला इंजीनियरिंग निर्यात 2030 तक 1.6 अरब डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है। भारतीय उत्पादों को अनावश्यक जांच से राहत।
- ♦ ओमान से गुजरात तक 2000 किमी लंबे समुद्र के नीचे पाइपलाइन बिछाने पर काम चल रहा है। इससे ऊर्जा आपूर्ति के लिए होर्मूज से इतर दूसरा रास्ता मिलेगा।
- ♦ ओमान भारतीय दवाइयों को शुल्क मुक्त पहुँच देगा। इससे फार्मा कंपनियों लाभ होगा। वाहनों पर 5% शुल्क खत्म होने से भारतीय वाहन ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेंगे।
- ♦ पहली बार भारतीय पेशेवरों के लिए विशेष प्रावधान किए। इससे अकाउंटिंग, मेडिकल, इंजीनियरिंग, आइटी, शिक्षा, निर्माण और कंसल्टिंग जैसे क्षेत्रों के भारतीय पेशेवरों को ओमान में काम करने के ज्यादा अवसर मिलेंगे।

## ■ गुजरात में यूनिवर्सल एफिडेविट लागू होगा–

गुजरात सरकार ने नागरिकों की सुविधा के लिए यूनिवर्सल एफिडेविट का नया एक समान फॉर्मेट जारी किया है। अब राज्यभर में सभी सरकारी सेवाओं के लिए अलग-अलग एफिडेविट देने की जरूरत समाप्त हो गई है। पूरे गुजरात में एफिडेविट का यही फॉर्मेट मान्य होगा। इससे पहले विभिन्न विभागों के लिए अलग-अलग एफिडेविट देने की प्रक्रिया थी।

## ■ मलेशिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन हुआ–

1 जून, 2026 को मलेशिया सरकार ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य साइबर बुलिंग और इंटरनेट की लत पर लगाम के लिए कानून लागू किया है। नए नियमों के तहत अब 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। यह नियम फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे उन सभी प्लेटफार्म्स पर लागू होगा, जिनके मलेशिया में 80 लाख से ज्यादा यूजर्स हैं

## ■ डी.के. शिवकुमार कर्नाटक के 25वें मुख्यमंत्री नियुक्त–

3 जून, 2026 को डी.के. शिवकुमार के कर्नाटक के 25वें मुख्यमंत्री (व्यक्ति के रूप में 18वें मुख्यमंत्री) के रूप में शपथ ली। उन्हें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने बेंगलुरु के लोक भवन (ग्लास हाउस) में पद एवं गोपनीयता

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

की शपथ दिलाई। डॉ. जी. परमेश्वर को राज्य का नया उपमुख्यमंत्री बनाया गया है।

डी.के. शिवकुमार (कनकपुरा निर्वाचन क्षेत्र से 8 बार के विधायक) वर्तमान में कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (KPCC) के अध्यक्ष भी हैं।

■ **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (UNSC) के नए गैर-स्थायी सदस्य निर्वाचित हुए–**

3 जून, 2026 को हुए चुनावों में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने 5 नए देशों को सुरक्षा परिषद् (UNSC) के अस्थायी (गैर-स्थायी) सदस्यों के रूप में चुना है।

निर्वाचित देश ऑस्ट्रिया, किर्गिस्तान, पुर्तगाल, त्रिनिदाद एवं टोबैगो तथा जिम्बाब्वे हैं। इन देशों का कार्यकाल 2 वर्ष (1 जनवरी, 2027 से 31 दिसम्बर, 2028 तक) होगा। ये देश वर्तमान अस्थायी सदस्यों-डेनमार्क, ग्रीस, पाकिस्तान, पनामा और सोमालिया का स्थान लेंगे (जिनका कार्यकाल 31 दिसम्बर, 2026 को समाप्त हो रहा है)।

**Newspaper of 3 June, 2026**

■ **मध्य प्रदेश ई-रिकॉर्ड्स लागू करने वाला पहला राज्य बना। कोर्ट में वॉट्सएप चैट और वीडियो पेश करने पर जब्त नहीं होंगे फोन–**

अब वीडियो रिकॉर्डिंग वॉट्सएप चैट या अन्य डिजिटल साक्ष्य कोर्ट में पेश करने के लिए संबंधित व्यक्ति को अपना मोबाइल फोन जमा नहीं करना पड़ेगा। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इसके लिए 'इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड्स रूल्स-2026' का ड्राफ्ट बनाकर राज्य सरकार को भेज दिया है। जल्द अधिसूचना जारी हो सकती है। यदि नियम लागू होते हैं, तो मध्यप्रदेश ऐसा करने वाला पहला राज्य होगा।

नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद अदालतों में डिजिटल साक्ष्यों की संख्या बढ़ी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा 105 के तहत अब हर तलाशी व जब्ती की वीडियोग्राफी जरूरी है।

**जनता को यह सहूलियत–**

- डिजिटल साक्ष्य के के लिए फोन जमा नहीं करना पड़ेगा। सर्टिफिकेट के साथ सबूत पोर्टल पर अपलोड होते ही यूनिक आईडी मिलेगी।
- डिजिटल साक्ष्य अपलोड होते ही हैश वैल्यू, यूनिक आईडी व अपलोड का समय दर्ज होगा। इनसे 'पैकेज फाइल' तैयार होगी, जिसका पक्षकार या उसके वकील को सत्यापन करना होगा।
- हर डिजिटल साक्ष्य की यूनिक हैश वैल्यू होगी। वीडियो, ऑडियो या चैट में मामूली बदलाव वैल्यू बदल देगा, जिससे छेड़छाड़ दिख जाएगी। 'मिरर इमेज' यानी बिट-टू-बिट कॉपी की व्यवस्था है, ताकि रिकॉर्ड सुरक्षित रहे।

■ **हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने किसानों के लिए 2 लाख रुपए तक की कृषि ऋण माफी योजना को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई। योजना में तीन घटक होंगे-ऋण माफी, वन टाइम सेटलमेंट और ऋण चुकाने वाले किसानों के लिए प्रोत्साहन राशि। जिन किसानों का मूलधन और ब्याज सहित कुल बकाया अल्पकालिक फसल ऋण 2 लाख रुपए तक है, उन्हें पूरी तरह कर्जमुक्त किया जाएगा।**

■ **2 जून, 2026 को भारत ने स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का सुखाई-30 एम.के.आई से सफल परीक्षण किया। हवा से सतह पर मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के एयर सिस्टम और रडार को ट्रेक कर उन्हें नष्ट कर सकती है। डीआरडीओ ने वायुसेना के साथ मिलकर मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तट पर किया। परीक्षण में इस मिसाइल का प्रोपल्शन सिस्टम, नियंत्रण तकनीक और गाइडेंस सटीक घोषित हुए।**

**उल्लेखनीय है कि भारत ने इससे पहले रुद्रम-1 मिसाइल का परीक्षण किया था जिसकी रेंज 100 से 150 किमी तक थी। वहीं रुद्रम-2 और ज्यादा घातक है। यह 300 से 350 किमी. की दूरी पर दुश्मन के ठिकानों पर वार कर सकती है।**

■ **प्रसिद्ध संविधान विशेषज्ञ और संसदीय मामलों के विद्वान डॉ. सुभाष सी. कश्यप का निधन हुआ–**

4 जून, 2026 को प्रसिद्ध संविधान विशेषज्ञ और संसदीय मामलों के विद्वान डॉ. सुभाष सी. कश्यप (97) का निधन हो गया। वे वर्ष 1984 से 1990 तक 7वीं, 8वीं और 9वीं लोकसभा के महासचिव रहे थे। उन्होंने संसद सचिवालय में लगभग 37 वर्षों तक सेवाएँ दीं। संविधान समीक्षा के लिए राष्ट्रीय आयोग के सदस्य; पंचायती राज कानूनों के संवैधानिक सलाहकार; एक साथ चुनाव समिति के सदस्य (पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित)। उन्हें 2015 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।

**Newspaper of 5 June, 2026**

■ **4 जून, 2026 को भारत और वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के बीच नई दिल्ली में लंबी अवधि की एनर्जी पार्टनरशिप बनाने पर सहमति हुई। क्रिटिकल मिनरल्स, फॉर्मा, कृषि और ऑटो सेक्टर में आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर भी फोकस रहा।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**डेल्सी रोड्रिगेज 5 दिन के भारत दौरे पर आई हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ने वेनेजुएला से अप्रेल 2026 से क्रूड ऑयल खरीद में वृद्धि की है। वेनेजुएला अब भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर है।**

- **जून, 2026 में अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के सदस्य नीलकंठ मिश्रा को भारत ने वाशिंगटन स्थित वर्ल्ड बैंक मुख्यालय में कार्यकारी निदेशक (ED) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है। वे वर्ल्ड बैंक ईडी के रूप में परमेश्वरन अय्यर का स्थान लेंगे।**
**उल्लेखनीय है कि नीलकंठ मिश्रा हिंदुस्तान यूनिलीवर के साथ इंफोसिस में सीनियर टेक्नीकल आर्किटेक्ट और क्रेडिट सुइस के एमडी रहे हैं। तथा एक्सिस बैंक में चीफ इकोनोमिस्ट भी रहे हैं।**

- **वैश्विक निर्माण वृद्धि में भारत दूसरे स्थान पर–**

बर्लिन स्थित फर्म Foundamental ने 28 मई, 2026 को जारी 'State of the Project Economy 2026' रिपोर्ट में भारत को वर्ष 2020-2030 के दौरान वैश्विक निर्माण वृद्धि में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता बताया। चीन 26.1% हिस्सेदारी के साथ प्रथम, भारत 14.1% के साथ द्वितीय तथा अमेरिका 11.1% के साथ तृतीय स्थान पर है।
चीन और भारत मिलकर वर्ष 2030 तक वैश्विक निर्माण वृद्धि में लगभग 40% योगदान देंगे।

## Newspaper of 6 June, 2026

- **भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने जुलाई, 2027 से सभी मंजूर खाद्य उत्पादों की पैकेजिंग पर 'Vegan' लोगो लगाना अनिवार्य कर दिया है। नए नियम के तहत केवल वही उत्पाद वीगन लोगो का इस्तेमाल कर सकेंगे, जिन्हें नियामक की मंजूरी मिली होगी। उल्लेखनीय है कि वीगन उत्पादों में डेयरी प्रोडक्ट्स का उपयोग नहीं होता, सिर्फ पौधों पर आधारित भोजन अपनाया जाता है।**

- **भारत की 2025-26 की वास्तविक जीडीपी दर 7.8% रही–**

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया है। 5 जून, 2026 को जारी आंकड़ों के अनुसार, चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.8% रही। इसने अनुमान 7.6% को पीछे छोड़ दिया है। वित्त वर्ष के लिए विकास दर 7.7% रही, जो पिछले, वित्त वर्ष में 7.1% थी। स्थिर कीमतों पर चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी 87.77 लाख करोड़ रही। पिछले साल की समान तिमाही में 81.4 लाख करोड़ थी। पूरे साल के लिए वास्तविक जीडीपी 323.12 लाख करोड़ रही।

**सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर चमके;** इस तेज विकास के पीछे मुख्य रूप से द्वितीयक (मैन्युफैक्चरिंग) और सर्विस सेक्टर का हाथ रहा। स्थिर कीमतों पर सर्विस सेक्टर में 9.3% और सेकेंडरी सेक्टर में 8.8% की तेजी आई। कृषि और मत्स्य पालन की मदद से प्राथमिक सेक्टर भी 3.2% की दर से बढ़ा। व्यापार, होटल, परिवहन और संचार जैसे क्षेत्रों ने दोनों ही कीमतों पर दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की। चौथी तिमाही में व्यापार और होटल क्षेत्र में 12.5% की मजबूत बढ़त देखी गई।

## Newspaper of 7 June, 2026

- **वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चयनित होने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बने–**

आईपीएल–2026 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और कई नये रिकॉर्ड्स बनाने के तहत सूर्यवंशी को भारतीय क्रिकेट टीम में चुना गया है। वे भारतीय क्रिकेट टीम में चयनित होने वाले सबसे कम उम्र (15 वर्ष 71 दिन) के खिलाड़ी है।
उन्हें जून–जुलाई में होने वाले आयरलैंड, इंग्लैण्ड के दौरे और एशियन गेम्स के लिए भारतीय टी–20 टीम में स्थान दिया गया है।
वैभव सूर्यवंशी ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड भी तोड़ा, सचिन तेंदुलकर ने 16 साल 205 दिन की उम्र में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट टीम में जगह बनाई थी।

**सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले भारतीय खिलाड़ी–**

| खिलाड़ी | उम्र | विपक्षी टीम | प्रारूप | साल |
|---|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 15 साल 99 दिन | इंग्लैण्ड | टी–20 | 2026 |
| शैफाली वर्मा | 15 साल 239 दिन | द. अफ्रीका | टी–20 | 2019 |
| सचिन तेंदुलकर | 16 साल 205 दिन | पाकिस्तान | टेस्ट | 1989 |
| जेमिमा रोड्रिगेज | 17 साल 130 दिन | द. अफ्रीका | टी–20 | 2018 |

- **केरल का 'वर्कला' शहर दुनिया की 20 'जीरो वेस्ट सिटी' में शामिल–**

केरल के तिरुवनंतपुरम जिले का तटीय अंतराष्ट्रीय पर्यटन शहर वर्कला अभी तक बेमिसाल सुंदरता, अरब सागर, चट्टानों, 2000 साल पुराने जनार्दन स्वामी मंदिर और मस्जिदों के लिए मशहूर रहा है। अब यह खूबसूरत शहर दुनिया भर में 'जीरो वेस्ट सिटी' के तौर पर भी पहचाना जा रहा है।

यूएन–हैबिटैट और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने दुनिया के 20 शहरी इलाकों में वर्कला नगर पालिका को 'जीरो वेस्ट सिटी' के तौर पर चुना है। 20 शहरों में वर्कला अकेला भारतीय शहर है। 40 हजार की आबादी वाले वर्कला की स्थिति भी पाँच साल पहले अन्य भारतीय शहरों जैसी थी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

फिर 2020 में कचरे के वैज्ञानिक निपटान के लिए महिलाओं की 'हरिता कर्म सेना' के 262 सदस्यों को तैनात किया गया। ये महिलाएँ घर-घर जाकर कचरा एकत्र करती हैं, लोगों को समझाती हैं और निगरानी करती हैं। इससे 12,695 घरों और 2601 संस्थानों से कचरा उनके दरवाजे से इकट्ठा किया जाने लगा। धीरे-धीरे लोगों की आदतें बदलीं। अब हर घर में पूरी तरह से गीला और सूखा कचरा 100% अलग-अलग घर पर किया जाता है। नगर पालिका ने 5 टन सैनिटरी वेस्ट का अनोखा प्लांट शुरू किया, जो सैनिटरी वेस्ट और बायोमेडिकल वेस्ट को बिजली में बदलता है। इससे 60 किलोवॉट बिजली बन रही है। वर्कला हर साल लगभग 6 हजार टन कचरा उत्पन्न करता है, जिसमें 81 प्रतिशत जैविक और लगभग 95% गैर-जैविक कचरे का पुनर्प्रबंधन किया जाता है।

- **SIPRI ईयरबुक 2026 जारी–**

8 जून, 2026 को स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) ने SIPRI ईयरबुक 2026 जारी की।

- जनवरी 2026 में 9 परमाणु-संपन्न देशों के कुल 12187 परमाणु हथियार थे। इनमें रूस और अमेरिका के पास लगभग 86% हथियार हैं।
- कुल 4012 परमाणु वारहेड मिसाइलों एवं विमानों पर तैनात थे, जिनमें लगभग 2100-2200 उच्च परिचालन सतर्कता पर रखे गए थे।
- भारत का अनुमानित परमाणु भंडार बढ़कर 190 हो गया। SIPRI के अनुसार भारत ने अपनी निवारक क्षमता को मजबूत करते हुए 12 परमाणु हथियारों को पहली बार 'रेडी टू फायर' स्थिति में तैनात किया है।
- SIPRI की 9 मार्च, 2026 की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-25 में भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा प्रमुख हथियार आयातक रहा; वैश्विक आयात में उसकी हिस्सेदारी 8.2% थी। यूक्रेन प्रथम स्थान पर रहा।
- SIPRI के 27 अप्रैल, 2026 के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में भारत का सैन्य व्यय 92.1 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो 8.9% अधिक था। भारत विश्व का पाँचवां सबसे बड़ा सैन्य खर्चकर्ता रहा।
- वर्ष 2025 में अमेरिका (954 अरब डॉलर), चीन (336 अरब डॉलर), रूस (190 अरब डॉलर), जर्मनी तथा भारत शीर्ष पाँच देशों में रहे।

## Newspaper of 9 June, 2026

- **हाल ही में अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने 'क्यूएस्ट' मिशन में विकसित प्रयोगात्मक सुपरसोनिक विमान एक्स-59 का सफल परीक्षण किया है। कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस से उड़ान भरकर विमान ने पहली बार करीब 1148 किमी प्रति घंटे (मैक 1.1) की रफ्तार से ध्वनि की गति को पार किया।**

## Newspaper of 10 June, 2026

- **ग्रेट निकोबार द्वीप समूह विकास परियोजना के तहत निकोबार में सैन्य हवाई** अड्डे का निर्माण किया जा रहा; एयरपोर्ट से समुद्री ताकत मजबूत होगी; 5 साल में 13000 करोड़ की लागत से बनेगा–

हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक मौजूदगी को मजबूत करने के लिए केन्द्र सरकार ग्रेट निकोबार द्वीप समूह विकास परियोजना के तहत एक अत्याधुनिक सैन्य-नागरिक हवाई अड्डे का निर्माण करने जा रही है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, परियोजना पर करीब 13 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसे अगले पाँच वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी लागत रक्षा मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय संयुक्त रूप से वहन करेंगे। हवाई अड्डे का उपयोग सैन्य और नागरिक दोनों उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इसका संचालन नौसेना करेगी।

उल्लेखनीय है कि ग्रेट निकोबार में प्रस्तावित हवाई अड्डे के निर्माण से भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमता को मजबूती मिलेगी। मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित होने के कारण यह क्षेत्र वैश्विक समुद्री व्यापार और सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण माना जाता है।

- **जोजिला सुरंग का अंतिम ब्रेकथ्रू, दर्रे के नीचे रास्ता हुआ तैयार; हमेशा जुड़ा रहेगा लद्दाख–**

9 जून, 2026 को श्रीनगर और लेह के बीच रणनीतिक रूप से अहम जोजिला सुरंग के दोनों छोर आपस में जुड़ गए हैं। इससे जोजिला दर्रे के नीचे 13 किलोमीटर लंबा मार्ग तैयार हो गया है। मंगलवार को इसका अंतिम ब्रेकथ्रू हुआ। सुरंग बनने से कश्मीर-लद्दाख के बीच सालभर सड़क संपर्क बना रहेगा। जोजिला दर्रे पर तापमान शून्य से 35 डिग्री तक नीचे पहुँच जाता है। दशकों तक यह मार्ग हर वर्ष लगभग 160 से 180 दिनों तक बंद रहता था, जिससे लद्दाख का संपर्क कश्मीर घाटी से कट जाता था।

**9.5 मीटर चौड़ी, 13 किमी. लंबी है सुरंग–**श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग लद्दाख में तैनात भारतीय सैनिकों के लिए मुख्य आपूर्ति मार्ग है। इसी रास्ते से सियाचिन ग्लेशियर और चीन से लगी एलएसी पर तैनात सैनिकों तक रसद पहुँचाई जाती है। यह 2028 तक शुरू हो जाएगी। घोड़े की नाल के आकार वाली यह सिंगल-ट्यूब सुरंग 9.5 मीटर चौड़ी, 7.57 मीटर ऊँची और 13 किलोमीटर लंबी होगी।

**बीबी-जी-रामजी योजना के लिए केन्द्र सरकार ने ₹95,692 करोड़ मंजूर किए; 1 जुलाई, 2026 से मनरेगा के स्थान पर शुरू होगी–**

9 जून, 2026 को केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। इसमें 'विकसित भारत जी-राम जी' के तहत 1 जुलाई से लागू होने जा रही नई व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की। यह मनरेगा की जगह लेगा। इसके लिए कुल 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इसमें ₹30000 करोड़ मनरेगा के तहत पहले ही और 95692.31 करोड़ का अंतरिम आवंटन राज्यों और केन्द्रशासित राज्यों को जारी किया गया। यह राशि देश की करीब 2.80 लाख ग्राम पंचायतों को सीधे मिलेगी।

## Newspaper of 11 June, 2026

**हाल ही में रक्षा मंत्रालय नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए 20 अत्याधुनिक ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम जैमर खरीदने जा रहा है। इसके लिए बेंगलुरु की कंपनी से ₹449 करोड़ का करार किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह उपकरण स्वदेशी तकनीक से विकसित किया है। यह दुश्मन के नेविगेशन सिस्टम व सैटेलाइज सिग्नल को बाधित कर सकता है।**

## Newspaper of 12 June, 2026

**देश के पहले 'मेड-इन-इंडिया' सैन्य परिवहन विमान की टेस्ट उड़ान सफल रही–**

11 जून, 2026 को देश के पहले 'मेड इन इंडिया' एयरबस सी 295 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने वडोदरा से पहली टेस्ट फ्लाइट सफलतापूर्वक पूरी की। इसे टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और एयरबस की वडोदरा स्थित फाइनल एसेंबली लाइन में बनाया गया है। यह वायुसेना के लिए देश में बनने वाले 40 सी-295 विमानों की शृंखला का पहला विमान है। यह भारत में निजी क्षेत्र द्वारा सैन्य विमान निर्माण का पहला बड़ा प्रोजेक्ट है। इन विमानों में 85% से अधिक स्ट्रक्चरल निर्माण भारत में हो रहा है। देश में ही 13000 से अधिक पुर्जे, 37 सप्लायर विकसित किए गए हैं।

## Newspaper of 13 June, 2026

**शूटर-कोच जसपाल राणा का निधन हुआ; कॉमनवेल्थ में भारत के सबसे सफल खिलाड़ी रहे; 9 गोल्ड सहित 15 पदक जीते थे–**

11 जून, 2026 की रात्रि को भारत के महान पिस्टल निशानेबाज और सफल कोच जसपाल राणा का निधन हो गया। पेरिस ओलिंपिक में मनु भाकर को दो कांस्य पदक जिताने में उनकी अहम भूमिका थी।

राणा कॉमनवेल्थ में भारत के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं, उनके नाम 9 गोल्ड सहित 15 पदक शामिल हैं।

- राणा ने 12 की उम्र में पहला राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता। 1994 के कॉमनवेल्थ और 1994 के एशियाई खेलों में 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीता। एशियाड में देश को 16 साल बाद शूटिंग में स्वर्ण मिला।
- सबसे शानदार प्रदर्शन दोहा एशियाई खेल 2006 में रहा। तीन स्वर्ण और एक रजत जीत इतिहास रचा। राणा कॉमनवेल्थ में भारत के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। 4 संस्करणों में 9 स्वर्ण सहित 15 पदक हैं।
- 2012 से जूनियर पिस्टल कोच के रूप में सौरभ चौधरी, अनीश भानवाला और चिंकी यादव जैसे युवा सितारे तराशे। फरवरी 2025 में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के हाई-परफॉर्मेंस कोच नियुक्त किए गए थे।
- 2020 में द्रोणाचार्य पुरस्कार, 1994 में अर्जुन पुरस्कार और 1997 में पद्मश्री से नवाजे गए।

**IIT मद्रास ने सबसे विस्तृत 3डी ब्रेनस्टेम एटलस जारी की–**

हाल ही में आईआईटी मद्रास के सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर ने मानव ब्रेनस्टेम का दुनिया का सबसे विस्तृत 3डी एटलस जारी किया है। इसका नाम 'एंकर' रखा गया है। इस एटलस में ब्रेनस्टेम के 200 से ज्यादा न्यूरल केन्द्रों और तंत्रिका मार्गों की विस्तृत मैपिंग की गई है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने ब्रेनस्टेम को 10 से 20 माइक्रोन मोटी परतों में विभाजित किया। एक माइक्रोन मानव बाल की मोटाई से करीब पाँच गुना पतला होता है। सैकड़ों परतों की इमेजिंग, जैविक परीक्षण और एआई आधारित कंम्प्यूटिंग के जरिए इन्हें फिर से जोड़कर त्रि-आयामी रूप दिया गया। अब तक ब्रेनस्टेम का अध्ययन मुख्य रूप से एमआरआई और सीटी स्कैन के जरिए किया जाता था, लेकिन यह तकनीक कोशिका स्तर तक जानकारी उपलब्ध कराती है। इससे न्यूरोसर्जरी को अधिक सटीक बनाने के साथ अल्जाइमर, डिमेंशिया, रेबीज और अन्य न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के प्रभाव को समझाने में मदद मिलेगी।

**ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026 की रिपोर्ट जारी; 163 देशों की सूची में आइसलैंड प्रथम स्थान पर रहा; भारत 127वें पर रहा–**

हाल ही में ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026 की रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट में 163 देशों को शामिल किया गया। इस

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

रिपोर्ट के अनुसार आइसलैंड दुनिया का सबसे शांत/पीसफुल देश रहा तथा भारत 127वें स्थान पर रहा। 2025 की रिपोर्ट में भारत की रैंक 124वीं थी।

**ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026 के अनुसार दुनिया के सबसे शांत देश–**

| रैंक | देश | इंडेक्स स्कोर |
|---|---|---|
| 1 | आइसलैंड | 1161 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 1343 |
| 3 | स्विट्जरलैंड | 1363 |
| 4 | स्लोवेनिया | 1369 |
| 5 | आयरलैंड | 1371 |
| **127** | **भारत** | **2409** |

**भारत के पड़ौसी देशों की स्थिति–**

| रैंक | देश |
|---|---|
| 67 | श्रीलंका |
| 111 | नेपाल |
| 152 | पाकिस्तान |

- **हाल ही में लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् सचिवालय (एनएससीएस) का नया मिलिट्री एडवाइजर नियुक्त किया गया है। वे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डीजीएमओ रहे। राजीव घई एनएससीएस के पद पर नियुक्त होने वाले पहले कार्यरत अधिकारी होंगे।**

- **डीआरडीओ ने बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस और एंटी-शिप मिसाइल का सफल परीक्षण किया–**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तीन महत्त्वपूर्ण मिसाइल परीक्षणों में सफलता हासिल कर भारत को विश्व के चुनिंदा देशों के एलीट क्लब में शामिल कर लिया है। डीआरडीओ ने मल्टी-लेयर बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इसमें 2000-5000 किमी रेंज वाली दुश्मन बैलिस्टिक मिसाइलों को एक्सो-एटमॉस्फियर और एंडो-एटमॉस्फियर दोनों स्तरों पर नष्ट करने की क्षमता साबित हुई। नेवल एंटी-शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का पहला उड़ान परीक्षण भी सफल रहा।

- **वायुसेना में पूरी क्षमता के साथ तैनात होगा 'नेत्रा'–**

भारत की स्वदेशी हवाई निगरानी प्रणाली 'नेत्रा' इस महीने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने जा रही है। डीआरडीओ 25 जून को नेत्रा एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (अवॉक्स) प्रणाली को फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस प्रदान करेगा। इसके साथ ही यह प्रणाली वायुसेना में पूर्ण परिचालन क्षमता के साथ शामिल हो जाएगी। नेत्रा अवॉक्स एम्ब्रेयर ईएमबी-145 विमान पर आधारित हवाई निगरानी प्रणाली है। इसमें अत्याधुनिक एईएसए रडार, इलेक्ट्रॉनिक सपोर्ट सिस्टम लगाए गए है। यह विमान हवा और समुद्र से आने वाले खतरों का पता लगाने के साथ वास्तविक समय में जानकारी जमीनी नियंत्रण केन्द्रों और वायुसेना तक पहुँचाता है।

## Newspaper of 14 June, 2026

- **13 जून, 2026 को केन्द्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को देश का नया सेना प्रमुख नियुक्त किया है। वे बख्तरबंद कोर से है। वे जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का स्थान लेंगे जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे है। उल्लेखनीय है कि धीरज सेठ पुणे में दक्षिणी व जयपुर में दक्षिणी-पश्चिम कमान के प्रमुख रह चुके हैं तथा भोपाल में सुदर्शन चक्र कोर की भी कमान संभाल चुके हैं।**

- **जून, 2026 में एनडीए के पहले महिला बैच की 14 महिलाएँ सैन्य अफसर बनी हैं। इनमें से 9 महिला कैडेट्स देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री एकेडमी के 94 साल के इतिहास में पहली बार पुरुष कैडेट्स के साथ कदमताल करते हुए थलसेना की अफसर बनीं। तथा, हैदराबाद के एयरफोर्स एकेडमी से 5 महिलाएँ वायुसेना में अधिकारी बनीं। कुल 746 कैडेट्स पासआउट हुए।**

## Newspaper of 15 June, 2026

- **पीएम नरेन्द्र मोदी का फ्रांस दौरे के दौरान भारत-फ्रांस व्यापार पाँच वर्षों में दोगुना करने पर सहमति बनी–**

14 जून, 2026 को फ्रांस के नीस में 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नवाचार भारत के डीएनए में है और एआइ, क्वांटम कंप्यूटिंग तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसी उभरती तकनीकें भविष्य की दिशा तय करेंगी। उन्होंने कहा कि भारत की प्राथमिकता ऐसी तकनीक विकसित करना है जो मानवता के हित में हो और सभी के जीवन को बेहतर बनाए। फ्रांस के राष्ट्रपति-इमैनुएल मैक्रों ने भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत और भरोसेमंद बताते हुए 'मेक इन इंडिया' पहल की सराहना की तथा कहा कि फ्रांस इस अभियान में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। दोनों नेताओं के बीच रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, असैन्य परमाणु ऊर्जा, व्यापार, निवेश, शिक्षा, प्रतिभा गतिशीलता और लोगों के आपसी संबंधों समेत व्यापक मुद्दों पर चर्चा हुई।

**इन पर सहमति बनी–**

- 5 वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दो गुना करने को उच्चस्तरीय तंत्र बनेगा।
- भारत-फ्रांस इनोवेशन रोडमैप 2030 पर दोनों देशों में सहमति।
- एआइ शासन, शोध व क्षमता निर्माण के लिए संयुक्त कार्यसमूह गठित।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- पेरिस एयरपोर्ट और नीस में यूपीआइ सेवाओं का विस्तार होगा।
- कानपुर में एयरोनॉटिक्स कौशल उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित होगा।
- शिक्षा, छात्र आदान-प्रदान और डिग्री मान्यता बढ़ाने पर जोर।
- उच्च गति रेल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने संबंधी घोषणा को मंजूरी।
- गोपनीय व संवेदनशील सूचनाओं की सुरक्षा के लिए समझौता हुआ।

## Newspaper of 16 June, 2026

- **जून, 2026 में केरल सरकार ने महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए 'प्रियदर्शिनी' मुफ्त बस यात्रा योजना शुरू की है। योजना के तहत राज्य परिवहन निगम की साधारण बसों में बिना आयु या आय सीमा के निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी।**

- **डीआरडीओ ने 1000 किमी मार करने वाली स्वदेशी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया–**

15 जून, 2026 को भारत ने मारक क्षमता और रक्षा आत्मनिर्भरता में बड़ी छलांग लगाते हुए लंबी दूरी की स्वदेशी लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (LRLCM) का सफल परीक्षण किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा तट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से इसका परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस मिसाइल ने निर्धारित उड़ान मार्ग का पालन करते हुए सभी आवश्यक मानकों को सटीक ढंग से पूरा किया।

ब्रह्मोस मिसाइल जहाँ अपनी तेज रफ्तार के लिए जानी जाती है, वहीं LRLCM को दुश्मन के इलाके में सटीकता के साथ अधिक दूरी तक मार करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इसमें स्वदेशी रूप से विकसित 'माणिक' टर्बोफैन इंजन का भी उपयोग किया गया है।

**एलआरएलएसीएम में खास–**

- इंजन सहित स्वदेशी सबसोनिक क्रूज मिसाइल
- 1000 किमी तक सटीक मारक क्षमता
- मोबाइल लॉन्चर से जमीन व युद्धपोतों से यूनिवर्सल वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल सिस्टम से लॉन्च संभव
- मिसाइल वेपॉइंट नेविगेशन तकनीक का उपयोग करती है, जिससे यह तय मार्ग का अनुसरण करती है।
- यह अलग-अलग ऊँचाई और गति पर उड़ान भर सकती है।
- कम ऊँचाई पर उड़ान भरने पर दुश्मन के रडार से पकड़ना मुश्किल।

- **सांख्यिकी मंत्रालय अब हर माह सेवा उत्पादन सूचकांक जारी करेगा–**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) की तर्ज पर पहली बार सेवा उत्पादन सूचकांक (ISP-Index of Service Production) जारी करेगा। इससे देश के सेवा क्षेत्र की अल्पकालिक वृद्धि और वास्तविक गतिविधियों का मासिक आकलन संभव होगा। आधार वर्ष 2024-25 होगा इसका पहला परीक्षण प्रकाशन 14 जुलाई, 2026 को होगा। प्रत्येक माह, आँकड़े लगभग 60 दिन की देरी से जारी किए जाएँगे। ISP में औपचारिक सेवा क्षेत्र के प्रमुख खंड-थोक एवं खुदरा व्यापार, परिवहन, बैंकिंग, बीमा, दूरसंचार, होटल-रेस्तरां, रियल एस्टेट तथा पेशेवर सेवाएँ शामिल होंगी।

## Newspaper of 20 June, 2026

- **गृहमंत्री अमित शाह ने अभिज्ञान ऐप लॉन्च किया; फिंगर प्रिंट जांच से महज 35 सैकंड में अपराधियों का रेकॉर्ड पता चलेगा–**

19 जून, 2026 को गृह मंत्री अमित शाह 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन 2026 के दौरान एनसीआरबी की ओर से विकसित ऐप 'अभिज्ञान' लॉन्च किया। देश में पुलिस को जल्द ही पोर्टेबल फिंगरप्रिंट स्कैनर से लैस किया जाएगा। अभिज्ञान से ऐप स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली से जुड़ा है जो 1.3 करोड़ आरोपियों, दोषियों, आपराधिक रिकॉर्ड वाले संदिग्धों, जेल में बंद कैदियों का फिंगरप्रिंट स्कैन प्लेटफॉर्म है।

- **19 जून, 2026 को भारत की स्वदेशी ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का वारहेड महाराष्ट्र के नागपुर से सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (SDAL) पहुँचाएगी। यह कदम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की दिशा में अहम माना जाना है। यह डिलीवरी एसडीएएल के बनाए 100वें मिसाइल बूस्टर के हस्तांतरण के साथ पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।**

**उल्लेखनीय है कि भारत के पास मिसाइल बनाने की क्षमता है, लेकिन वारहेड जैसे अहम हिस्से के लिए वह रूस पर निर्भर रहा है। सूत्रों के अनुसार, वारहेड डीआरडीओ के साथ प्रौद्योगिकी समझौते के तहत विकसित किया गया।**

- **अमेरिका में भारतीय मूल के डॉ. अनिल मेनन अंतरिक्ष में 200 दिन 'जीवित प्रयोगशाला' बनेंगे–**

अमेरिका में भारतीय मूल के डॉ. अनिल मेनन 14 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे, तो वह सिर्फ अंतरिक्ष की यात्रा नहीं कर रहे होंगे बल्कि अगले 200 दिनों तक उनका अपना शरीर एक जीवित प्रयोगशाला में बदल जाएगा, जहाँ हर शारीरिक बदलाव वैज्ञानिक स्टडी का हिस्सा होगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

कजाकिस्तान से एक्सपेडिशन 74 और 75 के हिस्से के रूप में जा रहे सोयूज एमएस-29 यान में मेनन के साथ रूसी अंतरिक्ष यात्री प्योत्र दुब्रॉव व अन्ना किकिना भी सवार रहेंगे। मेनन जीरो ग्रेविटी में शरीर के तरल पदार्थों के सिर की ओर खिसकने के प्रभावों का अध्ययन करेंगे ताकि भविष्य के लंबे अंतरिक्ष अभियानों की चिकित्सा रणनीतियाँ बनाने में मदद मिल सके।

**अंतरिक्ष में बनेगी जीवनरक्षक ड्रिप–**मेनन का दूसरा मिशन भविष्य के मंगल अभियानों से जुड़ा है। वह अंतरिक्ष स्टेशन के पुनर्चक्रित पानी से आइवी सलाइन (ग्लूकोज/ड्रिप) तैयार करने का प्रयास करेंगे। धरती पर यह सामान्य चिकित्सा प्रक्रिया है, लेकिन अंतरिक्ष में हर लीटर पानी बेहत महंगा संसाधन है। यदि अंतरिक्ष यात्री जरूरत पड़ने पर खुद मेडिकल फ्लूइड तैयार कर सकें, तो यह गहरे अंतरिक्ष अभियानों के लिए बड़ी सफलता होगी।

- **चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन को नवरत्न दर्जा मिला–**

19 जून, 2026 को चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (CPCL) को नवरत्न कंपनी का दर्जा प्रदान किया गया। इससे यह देश की 28वीं नवरत्न केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र कंपनी बनी। इससे पहले CPCL को मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा प्राप्त था। CPCL, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन कार्यरत है। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने लगभग ₹59400 करोड़ का वार्षिक कारोबार दर्ज किया।

## Newspaper of 21 June, 2026

- **पीएम नरेन्द्र मोदी ने 7 बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को मंजूरी दी–**

**20 जून, 2026 को पीएम नरेन्द्र मोदी ने 7 बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को मंजूरी दी है। नए कॉरिडोर की कुल लंबाई 4000 किमी. होगी और इन पर ₹16 लाख करोड़ निवेश का अनुमान है।**

कॉरिडोर प्रस्तावित बुलेट ट्रेन कॉरिडोर निम्न हैं–

| मार्ग | यात्रा का समय |
|---|---|
| ♦ दिल्ली-वाराणसी | 3 घंटे 50 मिनट |
| ♦ वाराणसी-पटना-सिलीगुड़ी | 2 घंटे 55 मिनट |
| ♦ चेन्नई-बेंगलुरु | 1 घंटा, 13 मिनट |
| ♦ बेंगलुरु-हैदराबाद | 2 घंटे |
| ♦ चेन्नई-हैदराबाद | 2 घंटे 55 मिनट |
| ♦ मुंबई-पुणे | 48 मिनट |
| ♦ पुणे-हैदराबाद | 1 घंटा 55 मिनट |

- **भारतीय विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी विश्वास विदु सपकाल को स्लोवाकिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया है। इससे पहले वे फिजी में भारत के उच्चायुक्त रहे चुके हैं। वे रूस, आर्मेनिया, मिस्र व अमेरिका में भी महत्त्वपूर्ण राजनयिक जिम्मेदारियाँ संभाल चुके हैं। वे बिमस्टेक और सार्क मामलों के संयुक्त सचिव भी रह चुके है।**

- **राज्यसभा चुनाव 2026 : एनडीए को सर्वाधिक सीटें–**

जून, 2026 में भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने 10 राज्यों की कुल 27 राज्यसभा सीटों पर चुनाव संपन्न कराए। इस चुनाव चक्र में 24 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव और 3 सीटों (महाराष्ट्र, तमिलनाडु व ओडिशा में 1-1 सीट) पर उपचुनाव शामिल थे। 11 जून, 2026 को इनमें 24 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए, जबकि केवल झारखंड की 2 और मिजोरम की 1 सीट पर 18 जून, 2026 को मतदान हुआ।

- **भारत विश्व का अग्रणी जहाज पुनर्चक्रण राष्ट्र–**

22 जून, 2026 को संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (UNCTAD) की जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में भारत विश्व का शीर्ष जहाज पुनर्चक्रण राष्ट्र बना। भारत की वैश्विक हिस्सेदारी 2024 के 30.1% से बढ़कर 2025 में 35.4% हो गई। भारत में जहाज पुनर्चक्रण मात्रा 1.86 मिलियन ग्रॉस टन से लगभग 60% बढ़कर 2.99 मिलियन ग्रॉस टन पहुँच गई।

## Newspaper of 22 June, 2026

- **तीन अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत आइएनएस दूनागिरी, आइएनएस संशोधक और आइएनएस अग्रय को नौसेना को समर्पित किया गया–**

21 जून, 2026 को कोलकाता के श्यामाप्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेशी युद्धपोत आइएनएस दूनागिरी, आइएनएस संशोधक और आइएनएस अग्रय को भारतीय नौसेना में शामिल कर जलावतरण किया गया।

कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित इन तीनों प्लेटफॉर्म को भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। इनका उद्देश्य नौसेना की युद्ध क्षमता, निगरानी व्यवस्था और पनडुब्बी रोधी अभियानों को और मजबूत करना है।

**75% से अधिक स्वदेशी सामग्री–**रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन तीनों प्लेटफॉर्म में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जो देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। इनके निर्माण में 200 से अधिक

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) की भागीदारी रही, जिससे रोजगार के अवसर भी पैदा हुए है।

**आइएनएस दूनागिरी**–यह प्रोजेक्ट-17ए के तहत बना 5वाँ स्टील्थ फ्रिगेट है। इसमें ब्रह्मोस और मीडियम रेंज मिसाइल प्रणाली जैसे आधुनिक हथियार और सेंसर हैं।

**आइएनएस संशोधक**–यह सर्वेक्षण पोत है। इसका उपयोग तटीय और गहरे समुद्री इलाकों में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने और वैज्ञानिक आंकड़े जुटाने के लिए किया जाएगा। इसमें पानी के भीतर चलने वाले वाहन (एयूवी) और आरओवी जैसी प्रणालियाँ लगी हैं।

**आइएनएस अग्रय**–यह अर्नाला श्रेणी के पनडुब्बी रोधी उथले जल युद्धपोत कार्यक्रम का चौथा पोत है। इसे तटीय क्षेत्रों में खतरों से निपटने के लिए तैयार किया गया है। इसमें हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार प्रणाली लगाई है।

## Newspaper of 23 June, 2026

- **जून, 2026 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने लेबर पार्टी के नेता व पीएम पद से इस्तीफे की घोषणा की। नया नेता चुने जाने तक कीर स्टार्मर कार्यवाहक पीएम रहेंगे। यह फैसला घटते जनसमर्थन और पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन की मांग के बीच आया है।**
- **हाल ही में कोलंबिया के राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे चरण में वकील और व्यवसायी एबेलार्डो डे ला एस्प्रिएला ने जीत दर्ज की है। वे कोलंबिया के अगले राष्ट्रपति होंगे। उन्हें करीब 49.7 प्रतिशत वोट मिले जबकि इवान सेपेडा को 48.7 प्रतिशत वोट हासिल हुए।**

## Newspaper of 24 June, 2026

- **विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन नियम, 2026 अधिसूचित हुआ; इसके जरिए व्यापक बदलाव किए गए–**

केन्द्र सरकार ने विदेशी चंदा प्राप्त करने वाले गैर-सरकारी संगठनों (NGO) के लिए नियमों के लिए नियमों को और कड़ा करते हुए विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन नियम, 2026 (एफसीआरए) अधिसूचित कर दिया है। नए नियमों के तहत अब विदेशी चंदे को लेकर अधिक जवाबदेही तय की गई है। किसी भी संस्था को विदेशी फंड प्राप्त करने के लिए अपने कार्यों का स्पष्ट उद्देश्य, संचालन क्षेत्र और गतिविधियों का दायरा बताना होगा। साथ ही विदेशी फंड की अगली किस्त तभी जारी होगी।

नए प्रावधानों में जिन संस्थाओं के प्रमुख पदों पर विदेशी नागरिक हैं, उन्हें सामान्यत: एफसीआरए पंजीकरण या पूर्व अनुमति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। वहीं लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए संस्थाओं को यह साबित करना होगा कि वे वास्तव में सक्रिय हैं।

**क्या बदलाव हुआ–**

- **उद्देश्य व राज्य आधारित पंजीकरण**–एनजीओ को बताना होगा कि किस उद्देश्य से व किन राज्यों में काम करेगा। राज्य बदलने पर लेनी होगी मंजूरी। लगेगा अतिरिक्त शुल्क।
- **75% उपयोग के बाद ही अगली किस्त**–पिछली राशि के उपयोग और सत्यापन के बिना नया विदेशी फंड नहीं मिलेगा।
- **धर्मांतरण अनुमेय गतिविधियों से बाहर**–धार्मिक कार्यों की स्पष्ट सूची जारी, धर्मांतरण शामिल नहीं।
- **विदेशी नागरिकों पर कड़ी शर्तें**–प्रमुख पदों पर विदेशी नागरिक होने पर पंजीकरण कठिन। विशेष परिस्थितियाँ छोड़ अनुमति नहीं।
- **निष्क्रिय संस्थाओं पर सख्ती**–2 वर्ष में कम से कम 10 लाख उपयोग कर सक्रियता साबित करनी होगी।
- **सोशल मीडिया व गतिविधियों की रिपोर्टिंग अनिवार्य**–वेबसाइट, प्रकाशन और विस्तृत गतिविधि रिपोर्ट देनी होगी।
- **3 वर्षों का रिकॉर्ड देना होगा**–रजिस्ट्रेशन और नवीनीकरण प्रक्रिया में 3 वर्ष के कार्यों व उन पर खर्च का विस्तृत ब्यौरा देना अनिवार्य।

## Newspaper of 25 June, 2026

- **जून, 2026 में उत्तर कोरिया ने 5000 टन वजन वाला एक विध्वंसक युद्धपोत नौसेना में शामिल किया है। इसका नाम 'चोए ह्योन' है। तानाशाह किम जोन ने इसे देश की नौसैनिक और परमाणु ताकत का प्रतीक बताया है। यह युद्धपोत दुश्मन के विमानों, जहाजों और ठिकानों पर हमला करने के लिए परमाणु हथियार ले जाने वाली बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें दाग सकता है।**
- **केन्द्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के 6 शहीदों के नाम सार्वजनिक किए; नेशनल वॉर मेमोरियल में हुए अंकित–**

केन्द्र सरकार ने पहली बार ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए छह भारतीय जवानों के नाम सार्वजनिक किए हैं। इन सैनिकों के नाम नेशनल वॉर मेमोरियल की वेबसाइट के 'रोल ऑफ ऑनर' सेक्शन में शामिल किए गए है। साथ ही नई दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल की 'वॉल 3डी' पर भी अंकित किया गया है, जहाँ देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को सम्मानित किया जाता है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवान–**

- सूबेदार मेजर पवन कुमार हेडक्वार्टर 10 इन्फैंट्री ब्रिगेड
- राइफलमैन सुनील कुमार (वीर चक्र) 4 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री
- लांस नायक दिनेश कुमार 5 फील्ड रेजिमेंट
- मूड मुरली नाइक 851 लाइट रेजिमेंट
- हवलदार सुनील कुमार सिंह 237 फील्ड वर्कशॉप कंपनी
- सार्जेंट सुरेंद्र कुमार (वायुसेना मेडल) 39 विंग (वायुसेना)

■ **ऑपरेशन अमिस्ताद शुरू कर भारत ने वेनेजुएला के लिए राहत सहायता भेजी–**

वेनेजुएला में 7.2 व 7.5 तीव्रता के विनाशकारी भूकम्प के बाद भारत सरकार ने 26 जून, 2026 को 'ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू कर मानवीय सहायता भेजी।

- स्पैनिश भाषा में 'अमिस्ताद' का अर्थ 'मित्रता' होता है। भारत ने दो वायुसेना विमानों (सी-17 ग्लोबमास्टर) के माध्यम से 41 सदस्यीय चिकित्सा दल, एक फील्ड अस्पताल इकाई, दो पोर्टेबल अस्पताल, 30 टन राहत सामग्री और 6 टन दवाइयाँ भेजी।
- इस मिशन के तहत भारत ने 2 पोर्टेबल 'भीष्म क्यूब' मोबाइल अस्पताल भी भेजे हैं।

## Newspaper of 26 June, 2026

■ **उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में स्थित लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन सीमा व्यापार 6 साल बाद वर्ष 2026 में फिर शुरू होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लिपुलेख मार्ग से सीमा व्यापार वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण बंद कर दिया गया था।**

## Newspaper of 27 June, 2026

■ **हाल ही में भारतीय रेलवे ने देश की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित ट्रेन का हरियाणा के जींद-सोनीपत रेलखंड पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सफल अंतिम स्पीड ट्रायल पूरा किया। ट्रायल के दौरान ट्रेन की गति ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन क्षमता, सुरक्षा उपकरण, कंपन्न और ट्रेक पर प्रदर्शन का परीक्षण किया गया। 10 कोच वाली यह ट्रेन डीजल के बजाय हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से संचालित होती है और इससे केवल जलवाष्प व पानी निकलता है। जिससे कार्बन उत्सर्जन लगभग शून्य रहता है। रेलवे का कहना है कि सभी तकनीकी और नियामकीय औपचारिकताएँ पूरी होने के बाद इसे यात्री सेवा में शामिल किया जाएगा।**

■ **विभिन्न राज्यों के उत्पादों को मिले नए भौगोलिक संकेतक (GI Tags)–**

जून, 2026 में मध्यप्रदेश के 8 विशिष्ट कृषि उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्राप्त हुआ। प्रमुख उत्पाद-सिवनी का जम्बो सीताफल, बुरहानपुर केला, जबलपुर मटर, जबलपुर सिंघाड़ा, सैलाना बालम ककड़ी, मालवा गराडू, मांडू की खुरासानी इमली तथा मालवी आलू शामिल हैं।

**झारखंड के 11 पारंपरिक उत्पाद–**जून 2026 में झारखंड के 11 उत्पादों को एक साथ जीआई टैग दिया। इसके साथ ही राज्य के कुल जीआई उत्पादों की संख्या 1 से बढ़कर 12 हो गई है (2019 तक केवल 'सोहराई और खोवर पेंटिंग' के पास GI टैग था)।

**11 नए प्रमाणित उत्पाद–**भगैया साड़ी और फैब्रिक, कुचाई सिल्क साड़ी, टसर सिल्क और साड़ी, पंचो साड़ी और फैब्रिक, दुमका चादर, केसरिया कलाकंद, डोकरा क्राफ्ट, झारखंड बांस क्राफ्ट, मुंडा ज्वेलरी, बदोनी पेंटिंग, जादोपाटिया पेंटिंग।

## Newspaper of 29 June, 2026

■ **पीएम नरेन्द्र मोदी को सेशेल्स का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू हॉराइजन' से नवाजा गया–**

तीन दिवसीय सेशेल्स दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और ग्रीन विजन में उनके नेतृत्व के लिए सेशेल्स के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू हॉराइजन' से सम्मानित किया गया। स्टेट हाउस में राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया और गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई। भारत और सेशेल्स ने समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, मत्स्य, विकास सहयोग तथा ब्लू इकोनॉमी सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न समझौतों व सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने हिंद महासागर क्षेत्र से साझेदारी को और मजबूत करने तथा सतत विकास के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। इस दौरान नियुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि भारत ऐसे हिंद महासागर की कल्पना करता है, जहाँ समुद्री सुरक्षा के साथ आर्थिक समृद्धि भी बढ़े, साझेदारी देशों के आकार से नहीं बल्कि, आपसी सम्मान और विश्वास से तय हो।

## Newspaper of 30 June, 2026

■ **केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'सुमन रोडमैप 2030' लॉन्च किया; मातृ-नवजात शिशु मृत्युदर घटाने पर जोर–**

29 जून, 2026 को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'सुमन रोडमेप 2030' लॉन्च किया। इसका उद्देश्य 2030 तक मातृ मृत्यु दर (MMR) को प्रति एक लाख जीवित जन्म पर 70 से नीचे लाना है, तथा नवजात-शिशु मृत्यु दर और रोकी जा सकने वाली मातृ-नवजात मौतों में कमी लाना है। रोडमैप में 13 सबसे अधिक प्रभावित राज्यों के 130 जिलों के लिए विरोध रणनीति बनाई गई है।

## ■ दिल्ली में नई EV (इलेक्ट्रिक वाहन) नीति 1 जुलाई, 2026 से लागू होगी 2027 तक दिल्ली में 95% नए वाहन होंगे इलेक्ट्रिक–

राजधानी में प्रदूषण कम करने व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेजी से बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने ईवी पॉलिसी 2.0 को मंजूरी दे दी है। यह नीति 1 जुलाई, 2026 से लागू होगी। अगले चार वर्षों में 15000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक दिल्ली में पंजीकृत होने वाले 95% नए वाहन इलेक्ट्रिक हों। साथ ही चार्जिंग नेटवर्क, स्क्रैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर व सार्वजनिक परिवहन के विद्युतीकरण पर भी विशेष जोर रहेगा। सरकार का दावा है कि इस नीति से 31 मार्च 2030 तक प्रदूषण मुक्त दिल्ली का लक्ष्य पाने में मदद मिलेगी।

**कब से बदलेंगे नियम–**

**1 जनवरी, 2027–**नया पंजीकरण केवल इलेक्ट्रिक ऑटो का होगा, नए सीएनजी ऑटो का रजिस्ट्रेशन बंद।

**1 अप्रैल, 2028–**नया पंजीकरण सिर्फ इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का।

**क्या मिलेगा फायदा–**

- ₹30 लाख तक की इलेक्ट्रिक कार पर 100% रोड टैक्स, रजिस्ट्रेशन शुल्क माफ।
- **ई-दोपहिया–**पहले वर्ष ₹30000, दूसरे वर्ष ₹20000 और तीसरे वर्ष 10000 रुपए की सब्सिडी।
- **ई-तिपहिया–**पहले वर्ष ₹50000, दूसरे वर्ष ₹40000 और तीसरे वर्ष ₹30000 की सब्सिडी।
- एन1 श्रेणी इलेक्ट्रिक ट्रकों पर ₹1 लाख तक प्रोत्साहन। बीएस-4 या पुराने चौपहिया वाहन स्क्रैप कर ईवी खरीद पर ₹1 लाख का इंसेंटिव।
- सभी प्रोत्साहनों के लिए सरकार ऑनलाइन आवेदन पोर्टल बनाएगी।

□□□

संजीव प्रकाशन


संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**51 वर्षों से आपका विश्वसनीय**


## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी


## आगामी परीक्षाओं हेतु राजस्थान सामान्य ज्ञान PYQ की श्रेष्ठ पुस्तकें
### प्रत्येक प्रश्न की विस्तृत व्याख्या




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित अन्य प्रमुख पुस्तकें













संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram